आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

पीएम–बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं।

वायु सेना

वायु सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे जो कार्य सौंपे गए वे सभी उसने पूरी कुशलता के साथ सम्पूर्ण किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में वायु सेना ने कहा है कि सभी ऑपरेशन राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए शानदार तरीके से चलाए गए। अभी यह ऑपरेशन चल रहे हैं और उचित समय पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायु सेना ने सभी से आग्रह किया है कि वे अटकलबाजी से बचें और अपुष्ट जानकारी साझा न करें।

शहीद

जम्मू–कश्मीर के राजौरी में शहीद हुए सूबेदार मेजर पवन कुमार का आज कांगड़ा ज़िले के शाहपुर स्थित उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर अंतिम विदाई दी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सांसद राजीव भारद्वाज और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने भी शहीद पवन कुमार को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पानी शुल्क

प्रदेश में हाल ही में नवगठित और अपग्रेड हुए शहरी स्थानीय निकायों में अगले 3 वर्षों तक जल आपूर्ति की दरें ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर ही लागू रहेंगी। ये निर्णय हाल ही में शहरी स्थानीय निकायों में शामिल लोगों को सुगम तरीके से शहरी व्यवस्था में शामिल करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस फैसले

से प्रदेश भर में 47 हज़ार से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ होगा। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पानी शुल्क में रियायत के अलावा इन क्षेत्रों के निवासियों को संपत्ति कर में भी छूट प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न केवल लोगों को राहत मिलेगी बल्कि उन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित होंगी।

सड़क निर्माण

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू ज़िले के आनी विधानसभा क्षेत्र की 60 सड़कों का जल्द निर्माण किया जाएगा। ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत स्वीकृत की गई हैं। आनी में ज़िलास्तरीय मेले के समापन पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जलोड़ी जोत टनल की अलाइनमेंट को स्वीकृति मिलने के बाद इसके निर्माण को लेकर करीब 3 हज़ार करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है और जल्द ही ये कार्य भी शुरू किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किया है और वे प्रदेश के समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

किराया वृद्धि

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य परिवहन निगम की बसों के किराए में की गई 15 फीसदी की वृद्धि को भाजपा ने जनविरोधी करार दिया है। पार्टी नेता संजय सूद ने कहा कि भारत–पाकिस्तान तनाव के बीच राज्य सरकार ने बस किराए में बढ़ोतरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है।

हमारी एचआरटीसी ने 10 रुपये मिनम किराया लेना शुरू किया है बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, हम लोग जानते है कि शिमला में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए साधनों का प्रयोग करना पड़ता है। और सरकार विरोध करने के वाबजूद भी सरकार इस पर चुनी साधे हुए है। और उसके उपर एक और निर्णय लिया किया 15 प्रतिशत एचआरटीसी ने बढ़ाया है बहुत दुखद है ऐसी परिस्थितियों में सरकार सिर्फ और सिर्फ अपना खजाना भरने में लगी हुई है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने युवाओं से खेल गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है। शिमला ज़िले में जुब्बल क्षेत्र के मलोग में आज वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि

राज्य सरकार ने युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों का सर्वाधिक महत्व है।

पीएम आवास योजना

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए 15 मई तक सर्वे का कार्य किया जाएगा। आकांक्षी ज़िला चम्बा में नए सर्वे में अब तक 44 हज़ार से अधिक पात्र लोगों के सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। चम्बा के अतिरिक्त ज़िला दण्डाधिकारी अमित मैहरा ने बताया कि सर्वे के तुरंत बाद सत्यापन का कार्य किया जाएगा और पात्र परिवारों की सूची आगे भेजी जाएगी।

पी.एम.ए.वाई. का जो अभी सर्वे चल रहा है उसमें ज़िला चम्बा में 44 हज़ार 4 सौ के आसपास पात्र लोग हैं। उनका सर्वे हो चुका है। क्योंकि सर्वे हो जाता है उसके बाद वैरिफिकेशन का प्रोसैस भी स्टार्ट होता है। जोकि शुरू होना था 30 अप्रैल के बाद लेकिन अब इस सर्वे की तिथि है 15 मई तक बढ़ा दी गई है। तो इस दौरान ये लक्ष्य रहेगा कि कोई भी ऐसा पात्र व्यक्ति जो है, पात्र परिवार जो है, वो इससे छूटे न।................

....